हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–142 : जौनपुर, शनिवार 23 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## कुरियर में कारतूस भेज कारोबारी से मांगे पांच लाख रुपये : कहा– उम्मीद है इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी लखनऊ के कृष्णानगर के सर्राफा कारोबारी आर के ज्वेलर्स को लखनऊ जेल से बदमाश ने रंगदारी की चिट्ठी भेजकर पांच लाख रुपये की मांग की है। साथ ही धमकी दी कि अगर पुलिस को बताया तो हत्या कर दी जाएगी। कारोबारी की सूचना पर कृष्णा नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। आलमबाग के रामनगर निवासी आकाश की आर के ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। शुक्रवार शाम को कारोबारी को एक कुरियर के जरिए चिट्ठी मिली जिसमें लिखा था कि श्कमातें बहुत हो पर अब मुझे भी देना पड़ेगा। लखनऊ जेल में मुलाकात लगवाकर पांच लाख पहुंचाओ। पुलिस को बताने की गलती नहीं करना वरना बाकियो की तरह तुम भी मारे जाओगे। सैम्पल में कारतूस भेज रहा हूं। उम्मीद है, इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा।ष चिट्ठी में नीचे विजय कुमार जायसवाल, लखनऊ जेल लिखा हुआ था। कुरियर में भेजा कारतूस लखनऊ जेल



से निजी कुरियर कंपनी के जरिए भेजे गए पत्र के डिब्बे में एक कारतूस भी था। जिसका जिक्र बदमाश ने अपने पत्र में किया है। पीड़ित कारोबारी ने कृष्णानगर थाने में शिकायत की है। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सूचना मिलते ही एडीसीपी राघवेंद्र मिश्रा पूरी टीम के साथ पड़ताल करने पहुंचे। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही हैं।

## यूपी में नए बिजली टैरिफ की दरें घोषित : सात रुपये प्रति यूनिट का स्लैब समाप्त

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने वर्ष 2022–23 के बिजली के नए टैरिफ दरों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष के लिए बिजली दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है साथ ही सात रुपये प्रति यूनिट का स्लैब समाप्त कर दिया गया है। अब 300 यूनिट से ज्यादा उपभोग होने पर 6.5 रुपये प्रति यूनिट की दर से ही बिल देना होगा। प्रदेश में अब शहरी विद्युत उपभोक्ताओं को जीरो से 100 यूनिट तक 5.50 रुपये प्रति यूनिट, 101 से 150 यूनिट तक के लिए प्रति यूनिट 5.50 रुपये प्रति यूनिट, 151 से 300 यूनिट तक प्रति यूनिट 6.00 रुपये और 300 यूनिट के ऊपर 6.50 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब बिल देना होगा। जबकि शहरों में घरेलू बीपीएल परिवारों को 100 यूनिट तक प्रति यूनिट 3.00 रुपये के हिसाब से बिजली दी जाएगी। इसी तरह, ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को जीरो से 100 यूनिट तक 3.35 रुपये प्रति यूनिट, 101–150 यूनिट तक 3.85 रुपये प्रति यूनिट, 151 से 300 यूनिट तक 5.00 रुपये प्रति यूनिट और 300 से ऊपर यूनिट होने पर 5.50 रुपये प्रति यूनिट देना होगा। जबकि, ग्रामीण घरेलू बीपीएल परिवारों को 100 यूनिट तक तीन रुपये में बिजली दी जाएगी। प्रदेश की बिजली दरों पर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि नियामक आयोग ने उपभोक्ता परिषद की ज्यादातर मांगों को मान लिया है। हालांकि, उन्होंने



ये भी कहा कि जिस प्रकार नोएडा पावर कंपनी के क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 10 की कमी की गई है उसी प्रकार पावर कार्पोरेशन द्वारा नियामक आयोग में उपभोक्ताओं के निकल रहे 22045 करोड़ रुपये पर अपीलेट ट्रिब्यूनल में मुकदमा दाखिल करने का शपथ पत्र दिया गया होता तो बिजली दरों में भारी कमी होती।

## नशा युवाओं की सोच सपने और कल्पनाओं को करता है विकृत – ंज्योति बाबा

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : 23 जुलाई नशा एवं वायु प्रदूषण से शरीर में विटामिन डी सी कैल्शियम और ओमेगा के स्तर में कमी आती है इनकी पूर्ति के लिए संतुलित एवं अंकुरित आहार लेना जरूरी है वरना शरीर के कई अंगों की वक्त से पहले ही सर्जरी करानी पड़ती है और सबसे अलार्मइंग स्टेज युवा वर्ग की अस्त व्यस्त लाइफस्टाइल और नशा सेवन की प्रवृत्ति से जवानी में ही घातक रोग दिल दमा डायबिटीज नपुंसकता मोटापा मिल रहे हैं उपरोक्त बात नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के तहत सोसाइटी योग ज्योति इंडिया के तत्वाधान में दिनांक 24ध्7ध्2022 को कैरियर डेंटल कॉलेज लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय नशा मुक्त स्वास्थ सम्मेलन की विस्तृत जानकारी देने हेतु केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर जी के आवास में आयोजित प्रेसवार्ता में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्त अभियान के प्रमुख नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के नेशनल ब्रांड एंबेसडर योग गुरु ज्योति बाबा ने कही ज्योति बाबा ने आगे कहा कि अब बच्चों कि मोबाइल मेनिया भी वही हार्मोन का स्राव कर रहे हैं जो नशे के सेवन से होता है बच्चियों में तो किए गए अध्ययन की रिपोर्ट चौंकाने वाली है वे मानसिक व शारीरिक रूप से समय से पहले बड़ी हो रही है और लड़कों की तरह नशे के सेवन और हिंसा आधारित कार्यक्रमों में अधिक रूचि ले रही हैं ज्योति बाबा ने आगे कहा कि बच्चों के खिलाफ



साइबर क्राइम की दर एनसीआरबी ने कई गुना बढ़ा बताया है ज्यादातर बच्चे सेक्सुअल एब्यूज मेटेरियल नशा सेवन करने के विभिन्न रूप साइब ट्रेडज धमकी और ऑनलाइन हैरेसमेंट के शिकार हो रहे हैं मनोचिकित्सकों के अनुसार सबसे गंभीर पोर्न वीडियो का बुरा असर बच्चों पर सबसे ज्यादा पड़ता है और तुरंत आकर्षित होकर इसकी लत में पढ़कर जाने अनजाने अपराध की ओर बढ़ जाते हैं और फिर नशा सेवन और तेजी से करना शुरू कर देते हैं मुख्य कार्यक्रम संयोजक ज्योति बाबा ने बताया कि स्वास्थ्य सम्मेलन का भव्य उद्घाटन केंद्रीय शहरी आवास एवं विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर जी करेंगे बाबा श्री ने आगे बताया कि प्रदेश स्तर पर पहली बार सामाजिक क्षेत्र के गैर सरकारी विषय विशेषज्ञों को जोड़कर आयोजित नशा मुक्त स्वास्थ्य सम्मेलन के द्वारा बच्चों को बचाने की विशेष रणनीति बनाने व चिंतन करने हेतु किया जा रहा है साथ ही प्रदेश की सभी जिलों के जिला प्रभारीध्अध्यक्षध्जिला समन्वयक को सम्मानित करने के अलावा उनको अपने जिलों में प्रथम 100 दिनों मे आजादी के अमर क्रांतिकारियों के सपनों को पूरा करने हेतु कैसे काम करना है उस पर विस्तृत जानकारी व चर्चा की जाएगी यह स्वास्थ्य सम्मेलन कई मायनों में बहुत खास बनने जा रहा है सम्मेलन से हर स्कूल को नशा मुक्त तिरंगामय बनाने के साथ विश्व की सबसे बड़ी नशा मुक्त की रिकॉर्ड सामूहिक शपथ भी ली जाएगी जिसका मुख्य मकसद आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में भारत के बचपन को नशा प्रदूषण कुपोषण बाल बंधुआ मजदूरी उन्मूलन प्लास्टिक एवं यौन हिंसा से आजादी दिलाना है प्रेसवार्ता में अन्य भाग लेने वाले प्रमुख जनप्रिय विधायक जयदेवी कौशल भूपेश सिंह इत्यादि थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु की गयी बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में 13 अगस्त 2022 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिवक्तागण से विचार विमर्श हेतु प्री–ट्रायल बैठक श्री भुदेव गौतम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर की अध्यक्षता एवं श्री विवेक विक्रम सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के संयोजन में 22 जुलाई 2022 को न्यायालय/कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर में समय दोपहर 2:30 बजे आयोजित की गयी। बैठक में विचार–विमर्श करते हुए पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण जौनपुर भुदेव गौतम द्वारा मोटर दुर्घटना दावा के अधिवक्ताओं को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित वादों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह–समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण कराये जाने का आह्वान किया गया तथा कहा गया कि समझौता पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रस्तुत कर वादों का निस्तारण कराया जा सकता है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप अधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। उनके द्वारा नियमानुसार पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया।बैठक के दौरान 02 वादों का निस्तारण सुलह–समझौतें के आधार पर किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम द्वारा उपस्थित समस्त अधिवक्तागण से अपील की गयी कि अधिकाधिक वादों निस्तारण कराकर लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। उपस्थित अधिवक्ता गण द्वारा अधिकतम वादों के निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर लोक अदालत हेतु गठित एम0ए0सी0टी0 पीठ के सदस्य अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## सेहत के लिए हानिकारक है गुड हेल्थ कैप्सूल व मुनक्का वटी – डॉ कमल रंजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सेहत बनाने के लिए मेडिकल स्टोरों पर उपलब्ध गुड हेल्थ कैप्सूल और मुनक्का वटी सेहत के लिए हानिकारक हैं। औषधि निर्माण प्रयोगशाला लखनऊ में कुछ दिन पहले हुए परीक्षण के दौरान इन औषधियों में स्टेरॉयड होने की बात सामने आई थी। इसके आधार पर औषधि निर्माण प्रयोगशाला के निदेशक प्रो0 एसएन सिंह ने इन दवाओं का प्रयोग करने पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था। यह जानकारी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 कमल रंजन ने दी। डॉ0 कमल ने युवाओं को इनका उपयोग नहीं करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि इन कैप्सूलों में स्टेरॉइड की मात्रा पाई गई है जो कि स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। इनका उपयोग करने से किडनी और लीवर खराब हो सकते हैं। लीवर सिरोसिस, मूत्र संबंधी दिक्कतें, किडनी में सूजन आने से पूरे शरीर में सूजन आ जाने सहित कई अन्य बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने इन दवाओं को बेचने वाले मेडिकल स्टोर मालिकों को भी इन्हें न बेचने तथा इनका उपयोग करने वाले युवाओं से भी इनका उपयोग नहीं करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि इन दवाओं का उपयोग करने से उनकी आयु कम होगी। इन्हें बेचने वालों पर कार्रवाई की जा सकती है। डॉ कमल ने बताया कि औषधि निर्माण प्रयोगशाला के निदेशक के आदेश के क्रम में जिले में इनकी बिक्री और सेवन पर रोक लगाने की सलाह दी है। वह बताते हैं कि जिस किसी को इसके विकल्प के रूप में किसी आयुर्वेदिक दवा की जरूरत है तो वह नजदीक के किसी आयुर्वेदिक चिकित्सक से परामर्श लेकर अपने शरीर की जरूरतों के अनुसार दवा ले सकते हैं। उन्होंने कहीं भी गुड हेल्थ कैप्सूल तथा मुनक्का वटी की बिक्री होते दिखाई देने पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ कमल रंजन के मोबाइल नम्बर 7080440402 पर सूचित करने की अपील की है।

## कोतवाली पुलिस स्वाट व सर्विलांस टीम को हासिल हुई बड़ी कामयाबी : चार शातिर चोर गिरफ्तार

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी द्वारा अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षकध् क्षेत्राधिकारी नगर जितेन्द्र कुमार दूबे के मार्गदर्शन में दिनांक 22–23/07/2022 की रात्रि में नगर थाना पुलिस/स्वाट/सर्विलांस की टीम द्वारा नगर के नखास तिराहा पर गाड़ा बन्दी करके अपराध नियंत्रण हेतु संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी उसी दौरान चार संदिग्ध अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी की 05 अंगुठी, 01 मंगलशुत्र, 03 जोड़ी कर्णफूल, 01 चैन ,02 सिक्के सभी पिली धातु, 10 जोड़ी पायल, 01 सिकड़ी (चौन), 11 जोड़ी बिछिया, 02 सिक्के सभी सफेद धातु व नगद रु0 24740 सहित 5 किलो 200 ग्राम गांजा नाजायज बरामद किया गया। बरामद चोरी के माल के सम्बन्ध मे पूर्व में नगर थाना कोतवाली जनपद पर मु0अ0स–155/22 धारा–457/380 भादवि पंजीकृत है। बरामद नाजायज गांजा के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0स0–194/22 धारा–8/20 NDPS ACT बनाम1– अमित कुमार गौतम पुत्र मगरु गौतम नि0 वशीरपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर के विरुध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। नाम पता अभियुक्तगणों का व अपराधिक इतिहास– 1.अमित कुमार गौतम पुत्र मगरु गौतम निवासी वशीरपुर थाना जफराबाद जौनपुर। 2.मु0अ0स0–155/22 धारा–457/380/411/413/414भादवि थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। 3.मु0अ0स0–194/22 धारा–8/22 NDPS ACT थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। 4.मु0अ0सं0–289/22 धारा–545/380 भादवि थाना लाइन बाजार जौनपुर। 2.आशीष सेठ पुत्र नरायन दास सेठ निवासी



मानिक चौक थाना कोतवाली जौनपुर। 1.मु0अ0स0–155/22 धारा–457/380/411/413/414 भादवि थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। 3.म0अभि0 आरती चौहान पत्नी दीपक चौहान निवासी हरईपुर थाना लाइन बाजार जौनपुर। 1.मु0अ0स0–155/22 धारा– 457/380/411/413/414 भादवि थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। 4.म0अभि0 सुदामा पत्नी लालधारी चौहान निवासी हरईपुर थाना लाइन बाजार जौनपुर। 1. मु0अ0स0–155/22 धारा–457/380/411/413/414भादवि थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। बरामदगी विवरण– 1. 05 अंगुठी, 01 मंगलशुत्र, 03 जोड़ी कर्णफूल, 01 चौन, 02 सिक्के सभी पिली धातु, 10 जोड़ी पायल, 01 सिकड़ी ( चैन ), 11 जोड़ी बिछिया, 02 सिक्के सभी सफेद धातु। 2. नगद रु0 24740। 3. 05 किलो 200 ग्राम गांजा नाजायज। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1.प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह, थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। 2.इंस्पेक्टर क्राईम अशोक सिंह यादव, थाना कोतवाली जौनपुर। 3. उ0नि0 आदेश त्यागी, प्रभारी स्वाट जनपद जौनपुर मय टीम। 4.उ0नि0 रामजनम यादव, प्रभारी सर्विलांस जनपद जौनपुर मय टीम। 5.व0उ0 नि0 रमेश कुमार यादव, थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। 6.उ0नि0 रोहित कुमार मिश्रा, चौकी प्रभारी सरायपोख्ता थाना कोतवाली जौनपुर। 7.का0 जितेन्द्र प्रताप सिंह, का0 अमित साहनी, का0 श्यामजी भारती, म0का0 अंजली पटेल व रीत शुक्ला थाना कोतवाली जौनपुर।

## खजनी उप जिलाधिकारी सिद्धार्थ पाठक सिकरीगंज थाने पर फरियादियों की सुनी समस्या

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : संपूर्ण समाधान थाना दिवस सिकरीगंज थाने पर उप जिलाधिकारी खजनी सिद्धार्थ पाठक पहुंचकर आए हुए फरियादियों की समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया भूमि विवाद संबंधित मामलों में स्वयं पुलिस विवादित भूमि स्थल पर पहुंचकर निराकरण किया जिससे समस्याओं की समाधान हो सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खजनी, एसएसआई रमेश कुशवाहा, कांस्टेबल मनोज ,कुमार हिमांशु सिंह, राकेश यादव राजस्व निरीक्षक अनिल सिंह ,संजय सिंह, मुनेंद्र, कुलदीप, रविकांत, इत्यादि लोग मौजूद थे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र राय को विंध्य जोन का प्रभारी बनाये जाने पर अटेवा जौनपुर ने जतायी खुशी




जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तरप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष और जगतपुर इंटर कालेज वाराणसी के इतिहास के प्रवक्ता सत्येन्द्र राय को अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु जी ने एक बड़ी जिम्मेदारी के तौर पर विन्ध्य जोन ,वाराणसी, आजमगढ़, मिर्जापुर मण्डल का प्रभारी बनाया है।सत्येन्द्र राय जी को इस बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर अटेवा जौनपुर के महामंत्री संदीप चौधरी ,जिलामीडिया प्रभारी इंदुप्रकाश यादव,कोषाध्यक्ष टी एन यादव,उपाध्यक्ष अखिलेश यादव ,रत्तीलाल निषाद, सुभाष सरोज, शांत सिंह,जिला संयोजक चन्दन सिंह और अटेवा जौनपुर की पूरी टीम ने नगर के कैम्प कार्यालय में वरिष्ठ पदाधिकारी जगदीश यादव की अध्यक्षता में एक बैठक कर बहुत हर्ष के साथ खुशी जाहिर करते हुए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दिये।अटेवा जौनपुर को आपके नेतृत्व पर पूरा विश्वास है कि आपके नेतृत्व में जल्द से जल्द पुरानी पेंशन बहाल होगी।

## वादों का निस्तारण कराये जाने हेतु 13 अगस्त 2022 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 अगस्त 2022 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण कराये जाने हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल की अध्यक्षता में 22 जुलाई 2022 को विश्राम कक्ष, जनपद न्यायालय, जौनपुर में समस्त न्यायिक अधिकारीगण की बैठक आहूत की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा सभी न्यायिक अधिकारीगण को निर्देर्शित किया गया कि अपने–अपने न्यायालयों के सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण योग्य अधिकाधिक मामलों में नोटिस निर्गत कर तामीला सुनिश्चित करायें एवं राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम वादों का निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें, ताकि लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर समस्त अपर जिला जज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिविल जज सी0डि0, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल जज जू0डि0 व अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## मुख्य विकास अधिकारी के सरकारी आवास के सामने एक बुजुर्ग व्यक्ति ने पढ़ा नमाज हुआ वीडियो वायरल

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है।गोरखपुर के मुख्य विकास अधि



ाकारी संजय कुमार मीणा (आईएएस) के सरकारी आवास के बाहर एक बुजुर्ग ने नमाज पढ़ा।इस दौरान किसी राहगीर ने उसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी सिटी ने कहा कि व्यक्ति द्वारा किसी के आवास पर नमाज पढ़कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई है जिसमें जांच का आदेश दिया है।बता दें कि मोहर्रम करीब होने के वजह से पुलिस हरकत में आ गई है। पुलिस मामले को गंभीरता से ले रही है क्योंकि बीते दो साल से मोहर्रम का जुलूस कोरोना की वजह से नहीं निकला है और इस बार निकलना है।

–सुविचार–

**आध्यात्मिकता में सर्व समस्याओं का समाधान निहित है।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में अयोध्या अकेडमी के मेधावियों ने लहराया परचम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सीबीएसई बोर्ड का सत्र 2021–22 हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम जारी हुआ विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा।इंटरमीडिएट में वाणिज्य वर्ग में 97: प्राप्त कर प्रियांशु अग्रवाल प्रथम रहे, विज्ञान वर्ग में यशदीप सिंह 92: पाकर प्रथम रहे ,हर्षिता श्रीवास्तव एवं संतोष कुमार मिश्रा 91: अंक प्राप्त किए, साथ ही साथ हाई स्कूल की परीक्षा में समृद्धि यादव ने 97: अंक अर्जित कर प्रथम स्थान पर रही मीनाक्षी सिंह ने 95.8:, कृष्णा कनौजिया 92.6: अंक प्राप्त कर विद्यालय का जिले में सम्मान बढ़ाया, इंटरमीडिएट में नैंसी श्रीवास्तव, दीपशिखा मिश्रा, दिव्यांशु कसौधन, नैंसी कौशल, वंशिका सिंह, आयुषी राव, आरूषी श्रीवास्तव, सत्यम सिंह, प्रिया दुबे, शिखा गुप्ता का काफी शानदार परिणाम रहा इसी क्रम में हाई स्कूल में वंशिका यादव, अजय प्रकाश गोस्वामी, विवेक मिश्रा, शिवांश त्रिपाठी, पलक सैनी, खुशी यादव, आदि छात्र–छात्राओं का परिणाम बहुत शानदार रहा विद्यालय के प्रबंधक श्री प्रदीप तिवारी ने सभी सफल छात्र–छात्राओं को



मिष्ठान खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती सौम्या आचारी, गौरी द्विवेदी, जितेंद्र कुमार, जी0डी0 तिवारी एवं वरिष्ठ अध्यापक शिशिर मिश्रा, मृत्युंजय मिश्रा, आलोक दुबे, यश वर्मा, अर्जुन गुप्ता, अश्वनी पटेल, एवं मोहित सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

# मुस्कान सोनकर ने सीबीएसई इंटर की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक पाकर किया नाम रोशन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वर्तमान समय में ही नहीं बल्कि आदि काल से आज की बेटी बेटो से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।वे समाज में रहकर बेटो से कंधा मिलाकर काम कर रही है। जिसमें सीता माता,अपाला,रानी लक्ष्मीबाई, सरोजनी नायडू, इंदिरा गांधी,मीरा कुमार, कैप्टन लक्ष्मी सहगल सहित कई ऐसी वीरांगना है जिन्होंने बेटियों का नाम रोशन किया है।उसी कड़ी में आज की बेटियां भी समाज में कला, विज्ञान, सेना, चिकित्सा, इंजीनियरिंग,शिक्षा, राजनीति सहित अन्य कई महत्वपूर्ण पदों पर रहकर काम कर रही है।जो यह सिद्ध कर रही है कि आज की बेटी माता पिता व समाज पर बोझ नहीं है।यह बाते आज फिर जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र की वजीरगंज निवासी व बसपा महानगर अयोध्या अध्यक्ष रंजीत सोनकर की होनहार भांजी व अनिल सरस्वती इंटर कालेज लवकुश नगर वजीरगंज की छात्रा मुस्कान सोनकर ने बिना किसी कोचिंग व ट्यूशन के सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित इंटर मीडिएट की परीक्षा में 92 प्रतिशत सम्मान जनक अंक लाकर सिद्ध किया है।मालूम हो कि होनहार व मेधावी छात्रा मुस्कान सोनकर कक्षा छः से शहर के लवकुश नगर वजीरगंज में स्थित अनिल सरस्वती इंटर कॉलेज में पढ़ रही थी।उन्होंने वर्ष 2020 हाईस्कूल की परीक्षा में भी 95 प्रतिशत अंक लाकर अपने माता पिता के साथ साथ अपने सगे संबंधियों व स्कूल का नाम रोशन करने का काम किया था।देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चौनल ब्यूरो चीफ अयोध्या राजेश श्रीवास्तव से खास बातचीत में मेधावी छात्रा मुस्कान सोनकर ने बताया कि वे आगे चलकर सिविल सर्विसेज में जाकर समाज व देश



की चहुंमुखी विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान करेगी। उन्होंने कहा कि वे सबसे पहले सिविल सर्विसेज को प्रथम प्राथमिकता देना चाहती है।एक खास मुलाकात में होनहार छात्रा मुस्कान सोनकर ने कहा कि उनकी इस सफलता मे मुख्य रूप से उनकी माता माधुरी सोनकर, पिता सुधीर सोनकर,नानी सुशीला देवी,मामा मोहित सोनकर के अलावा अनिल सरस्वती इंटर कालेज लवकुश नगर वजीरगंज की प्रधानाचार्या अनिता एंथनी, शिक्षकों में रजनीकांत, दीपक उपाध्याय व संदीप का महत्वपूर्ण योगदान रहा।वही इसी कड़ी में होनहार छात्रा मुस्कान सोनकर के परिजनों में उनकी इस सफलता पर खुशी का ठिकाना नहीं रहा।परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद से ही भारी संख्या में आस पास के लोग मुस्कान सोनकर को परीक्षा में अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने पर उन्हें बधाई देते हुए नजर आये।

# गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध फरार चल रहा अभियुक्त चढ़ा कोतवाली नगर पुलिस के हत्थे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय प्रशान्त वर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद–अयोध्या द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत एवं विजयपाल सिंह पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर शैलेन्द्र सिंह




के कुशल पर्यवेक्षण मे एक सघन अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के दौरान कोतवाली नगर पुलिस को उस समय सफलता मिली जब शमशेर बहादुर सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर द्वारा गठित टीम व उनके द्वारा उ0नि0 ओम प्रकाश व वरिष्ठ उ0नि0 अमित सिंह प्रभारी चौकी जेल, हे0का0 जितेन्द्र बहादुर सरोज मय टीम द्वारा शनिवार को को रेलवे क्रासिंग मोदहा के पास से अभियुक्त संदीप सोनी पुत्र सूरज प्रसाद नि0 जलालाबाद थाना कैन्ट जनपद अयोध्या उम्र करीब 35 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।पुलिस के मुताबिक उसके विरुद्ध स्थानीय थाना पर धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या पंजीकृत हैं।जो कई दिनो से फरार चल रहा था।

# परिवहन विभाग द्वारा एकमुश्त पेनाल्टी समाधान योजना के तहत 323 बसें व 1897 ट्रकों का हुआ चालान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रदेश में इस समय परिवहन विभाग द्वारा एकमुश्त पेनाल्टी समाधान योजना यानी ओटीएस योजना चलाई जा रही है और इसी क्रम में अवैध संचालन के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई भी की जा रही है।लखनऊ परिक्षेत्र के लखनऊ, अयोध्या, देवीपाटन, बस्ती संभाग में एक जुलाई से 21 जुलाई तक प्रवर्तन कार्रवाई की गई।इस दौरान लखनऊ संभाग में कुल 5155 वाहनों का चालान किया गया और 556 वाहनों को सीज किया गया।जबकि अयोध्या संभाग में 2249 वाहनों का चालान किया गया और 299 वाहनों को बंद करने की कार्रवाई की गई। वही इसी कड़ी में देवीपाटन संभाग में 967 वाहनों का सघन चेकिंग के दौरान चालान किया गया और 122 वाहनों को बंद किया गया। बस्ती संभाग में 423 वाहनों का चालान किया गया और 35 वाहनों को बंद करने की कार्यवाही की गई। इन सभी संभागों में की गई प्रवर्तन कार्रवाई से लखनऊ परिक्षेत्र को 390.78 लाख राजस्व की प्राप्ति हुई। उप परिवहन आयुक्त लखनऊ परिक्षेत्र निर्मल प्रसाद ने उपरोक्त कार्रवाई के बाबत शुक्रवार को बताया कि प्रवर्तन कार्रवाई से लखनऊ संभाग को 221.81 लाख प्रशमन कर के रूप में राजस्व प्राप्त हुआ है।जबकि अयोध्या संभाग को कुल 92.22 लाख राजस्व प्राप्ति हुई। देवीपाटन संभाग को 63.83 लाख राजस्व प्राप्त हुए हैं।जबकि बस्ती संभाग को 12.92 लाख राजस्व प्राप्त हुआ। इससे लखनऊ परिक्षेत्र को कुल राजस्व 390.78 लाख प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि कुल 323 बसों का चालान किया गया तथा 89 बसें बंद की गई। इसी प्रकार 1897 ट्रकों का चालान किया गया व कुल 350 ट्रकें बंद की गई। जिससे अब तक राजस्व के रूप में परिक्षेत्र को 390.78 लाख रुपए प्रशमन व कर के रूप में राजस्व प्राप्त कर लिया गया है।

# प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर के मुताबिक प्रसूता की मौत के मामले में डॉक्टर खिलाफ दर्ज होगा मुकदमा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के वैली हॉस्पिटल की डॉ. शालिनी चौहान के खिलाफ गलत इलाज करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह ने आदेश दिया है।उनपर आरोप है कि उनके गलत इलाज के चलते जच्चा–बच्चा की मौत हुई थी। इस संबंध में नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने मामले में मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच करने के लिए कहा है। सूत्र के मुताबिक पीड़िता कोतवाली नगर क्षेत्र के अंगूरी बाग निवासी मीना मिश्रा ने इस संबंध में न्यायालय में अर्जी दायर की थी।मीना मिश्रा के मुताबिक उनकी गर्भवती पुत्री श्रद्धा मिश्रा का नियमित चेकअप डॉ शालिनी चौहान कर रही थीं।आरोप के मुताबिक अल्ट्रासाउंड जांच में बीती 14 फरवरी को जच्चा–बच्चा स्वस्थ बताया था।15 फरवरी को श्रद्धा के पेट में दर्द होने पर उसे दोबारा उसी डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड किया।जिसमें डॉक्टर ने बच्चे को निष्क्रिय बताते हुए ऑपरेशन करने के लिए कहा था। वही मृतका के परिजनों का आरोप था कि पैसे के लेनदेन और गलत इलाज के कारण प्रसूता की तबीयत बिगड़ने लगी। तबीयत बिगड़ता देख परिजनों ने उसे लखनऊ सहारा हास्पिटल में भर्ती कराया। वही जहां उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने इस मामले में जिला चिकित्सा अधिकारी और पुलिस से शिकायत की थी। लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद परिजनों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह ने हॉस्पिटल की चिकित्सक डॉ शालिनी चौहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिया है। अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले में अब उक्त डाक्टर के खिलाफ कार्यवाही करतीं हैं।

# के डी शर्मा के जन्मदिन पर हमले की तैयारी में थे अपराधी : मंसूबे पर फिरा पानी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रीना शर्मा पत्नी के० डी० शर्मा निवासिनी 519 डूडा कालौनी पारा थाना पारा जनपद लखनऊ ने इंस्पेक्टर पारा को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि पति के डी शर्मा वर्तमान में राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वॉलिंटियर्स भाजपा तथा भजपा समर्थित दल भारतीय उदय निर्माण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष है । सम्बधित संगठन और पार्टी का मुख्यालय उपरोक्त पते पर है तथा इकाई कार्यालय कैम्पवेल रोड़ बालागंज है। पति के डी शर्मा पर राजनीतिक अच्छी छवि के चलते सपा व यादव बाहुल्य क्षेत्र के हिस्ट्रीटर प्रकाश यादव एवं पुतान यादव व सतीश यादव आदि द्वारा अनगिनत हमले किये है, इसी क्रम में एक हमला सपा सरकार में दिनाँक 18॰06॰16 को हुआ था जिसमें पति के शरीर में सात फैक्चर हुए थे उक्त अपराधी पति को मृत समझ छोड़ कर चले गये थे, इस मुकदमें में आरोप पत्र मा० न्यायालय में दाखिल हो चुका है। और जब से लगातार हमले हो रहे है परन्तु स्थानीय पुलिस की सक्रियता के चलते कई बार अपराधी असफल रहे है, तथा अब वर्तमान विचाराधीन मुकदमों में समझौते का दबाव भी बनाया जा रहा था, इनकार करने और वर्तमान विवेचनाधीन मु0अ0सं0, 0809॰19 में जल्द ही इनके विरुद्ध एक आरोप पत्र मा० न्यायालय में दाखिल होने और वर्तमान में एक मुकदमा जान से मारने की धमकी का विवेचनाधीन होने से क्षुब्द होकर वर्तमान में पुनः हमले की फिराक में है। जिसके चलते कल दिनाँक 22॰07॰22 को समय सुबह लगभग 9रू00 बजे पति के डी शर्मा का वाहन चालक अपने घर से वाहन साफ करने घर आ रहा था इसी बीच दो व्यक्ति बुलट मोटर साइकिल से कुलदीप जनरल स्टोर के पास रोक कर प्रार्थिनी के पति के वाहन आदि की जानकारी लेकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर चले गये, वाहन चालक राहुल पुत्र अजय कुमार निवासी म० नं० 349 डूडा कॉलोनी ने उक्त घटना के बारे में बताया। पति के डी शर्मा का जन्मदिवस होने के कारण उक्त घटना को अनप्रभावी समझ अनदेखा अनसुना कर दिया । पति के जन्म दिवस का कार्यक्रम रात्रि 10:00 बजे अपने ही यूनिक इण्डियन टेस्ट रेस्टोरेंट कैम्पवेल रोड बालागंज में था पति कार्यक्रम की तैयारी में रेस्टोरेंट में थे और वाहन चालक उपरोक्त प्रार्थिनी को लेने घर आ रहा था कि समय लगभग 9:00 बजे चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक सफेद रंग दो पहिया वाहन अपाची एवं काले रंग की स्पलेंडर साईं बाबा मन्दिर के पास पारा रोड पर पति के चार पहिया वाहन यू० पी० 32 जे0 टी0 6310 के सामने खड़ा करके जबरन वाहन रुकवा कर हमला करने की नियत से घेर लिया, और पूरी गाड़ी की तलासी लेकर वाहन चालक का गरेवान पकड़ झकझौर कर कहा कि तेरे मालिक के साथ तू भी मरेगा, यदि इस समय वाहन में पति के डी शर्मा होते तो निश्चित हत्या हो जाती। इस घटना में वाहन चालक द्वारा बताया गया कि एक दूसरे के सम्बोधन में पुतान नाम का प्रयोग होना बताया गया, उक्त घटना से स्पष्ट है कि पति को उपरोक्त अपराधी पुनः जान से मारने की नियत से इस घटना को अन्जाम दिया है ।

# पंचायत भवन में संचालित मिनी आंगनवाड़ी केंद्र के चलते ग्राम पंचायत अधिकारी ने केंद्र संचालिका को थमाई नोटिस

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंधा के पंचायत भवन में चल रहे मिनी आंगनबाड़ी केंद्र को हटाए जाने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी ने केंद्र संचालिका को नोटिस थमा दी है। वही इसी कड़ी में हालांकि ग्राम पंचायत अधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को केंद्र पंचायत भवन से अन्यत्र संचालित किए जाने की नोटिस दिए जाने के साथ ही साथ बाल विकास परियोजना अधिकारी मिल्कीपुर को भी सूचना भेज दी है। सूत्र के मुताबिक मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंधा के पंचायत भवन में बिना किसी आदेश निर्देश के आंगनबाड़ी कार्यकत्री कुलेश्वरी देवी द्वारा मिनी आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किया जा रहा था। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी सहित ग्राम पंचायत अधिकारी अभिषेक यादव से की। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत भवन में पंचायत ऋकार्यालय स्थापित हो जाने के चलते ग्रामीणों का पंचायत भवन पर आना जाना लगा रहता है इसी बीच गिने चुने आधा दर्जन छोटे–छोटे बच्चों को लेकर आंगनबाड़ी केंद्र संचालिका पंचायत भवन में ही बैठी रहती हैं जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानी भी होती है।ग्रामीणों की शिकायत का ग्राम पंचायत अधिकारी अभिषेक यादव ने संज्ञान लिया और आंगनबाड़ी कार्यकत्री कुलेश्वरी देवी को 1 सप्ताह के अंदर पंचायत भवन से आंगनबाड़ी केंद्र अन्यत्र कहीं संचालित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# अयोध्या मंडल अयोध्या के सुल्तानपुर जिले में झोलाछाप डॉक्टर द्वारा आपरेशन के दौरान महिला की मौत,पुलिस जांच में जुटी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या मंडल अयोध्या के सुल्तानपुर जिले में अखंडनगर क्षेत्र में एक झोलाछाप डॉक्टर से इलाज कराने के चलते एक महिला की मौत हो गई।इस संबंध में मृतका के पीड़ित परिजनों ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टर ने अपने क्लीनिक पर ही महिला की बच्चेदानी का ऑपरेशन कर दिया,जहां अत्यधिक रक्तस्राव से उसकी मौत हो गई।इस घटना के बाद जब परिवार वालों ने हंगामा किया तो आरोपी झोलाछाप क्लीनिक छोड़कर फरार हो गया।वही पुलिस परिवार वालों की तहरीर पर कार्रवाई में जुट गई है।मिली जानकारी के मुताबिक जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बिरईपुर भटपुरा निवासी सभाजीत निषाद की पत्नी उर्मिला देवी का स्वास्थ्य काफी समय से गड़बड़ था। मुख्यालय से लंबी दूरी और पैसे की तंगी के चलते उसने अखंडनगर थाना क्षेत्र के आलापुर निवासी संदीप विश्वकर्मा पुत्र दयाशंकर विश्वकर्मा के हरथुआ बभनपुर में स्थित क्लीनिक पर ले जाकर दिखाया। इस संबंध में आरोप है कि झोलाछाप संदीप ने उर्मिला को देखकर बताया कि उसकी बच्चेदानी में सूजन है। इसके बाद झोलाछाप संदीप ने उर्मिला का इलाज शुरू कर दिया। इस संबंध में बताया जा रहा है कि बीती रात जब महिला की तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर फिर झोलाछाप के पास पहुंचे। आरोप है कि जहां उसने महिला को क्लीनिक के अंदर फर्श पर लिटाया और बच्चेदानी का गलत तरीके से ऑपरेशन कर डाला, जिससे महिला की मौत हो गयी। महिला की मौत के बाद परिवार वालों ने हंगामा मचा दिया जिस पर ग्रामीण जमा हो गए। थोड़े ही समय में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वही पुलिस के आने की भनक पाकर आरोपी संदीप मौके से भाग निकला।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की मृतका के पति ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है, जिस पर पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है। इस संबंध में डीएम रवीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मामले की कार्रवाई में जुट गई है।उन्होंने बताया कि पुलिस को ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं।

# बाईक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर पत्रकार– धनन्जय विश्वकर्मा : मुखबिर की सूचना पर एक युवक चोरी के मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार हो गया।सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में भ्रमण कर रहे उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह हमराहीयों के साथ कुहिया नहर पर एक अपाची गाड़ी लेकर के किसी का इंतजार कर था। उस सन्दिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने पूछ ताछ किया।लेकिन पुलिस को संदिग्ध लगा तो उसे गिरफ्तार कर लिया बता दें कि वांछित व्यक्ति बलवन्त बिन्द पुत्र वंशराज बिन्द निवासी कडैला थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर जो चोरी शुदा मोटर साईकिल अपाची के साथ मौजूद मिला जिसको हिकमत अमली से हिरासत पुलिस में लिया। जिसका तलाशी लेकर व नाम पता तस्दीक कर दिनांक 23.7.2022 समय 5.10 बजे गिरफ्तार किया गया जिसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 237/22 धारा 41/411/413 भादवि पंजीकृत किया गया । अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा जा रहा है।

# थाना कांट पुलिस एवं एसओजी टीम ने सीढी गैंग का किया भंडाफोड़ : डकैती की योजना बनाते हुए 07 शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देशन में चल अभियान के कारण थाना प्रभारी काँट के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार त्यागी एवं एस ओ जी टीम प्रभारी रोहित कुमार के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम में शामिल उप निरीक्षक विकास कुमार एवँ संतकुमार के अलावा हेडकांस्टेबल शहनवाज आलम एवँ राजाराम पाल सिंह एवँ आरक्षी उदयवीर सिंह , सुशील कुमार शर्मा , शुभम सिंह , विक्रांत , ज्ञानेन्द्र प्रताप , दिलीप कुमार , तौसीम हैदर , प्रभात चौधरी ने शुक्रवार एवँ शनिवार की रात मुखबिर की सूचना पर रावतपुर नखासा में बने गल्ला गोदाम की खण्डर बिल्डिग से करीब 50 मीटर पहले डकैती डालने की योजना बना रहे जनपद लखीमपुर खीरी के थाना पसगवां के गाँव रहीमापुर मोहद्दीनपुर निवासी राजेश उर्फ मंगू एवँ कोतवाली सदर बाजार के मोहल्ला महमंद जलालनगर निवासी धर्मवीर उर्फ कल्लू तथा मोहल्ला फहजुल्लागंज निवासी यानेन्द्र गौतम उर्फ आनन्द पड़ोसी जिला बदायूँ के थाना इस्लामनगर के गाँव रफातपुर निवासी महानंन्दन उर्फ पण्डित एवँ थाना निगोही के गाँव परसोना खलीलपुर निवासी दानवीर व जनपद हरदोई के थाना बेहटा गोकुल के गाँव मवैया निवासी प्रवीण दीक्षित उर्फ मजनू तथा हरदोई जनपद के थाना कोतवाली नगर के मोहल्लाधीमर मौलिया निवासी धमेन्द्र उर्फ रजनीश को मौके पर 02 तमंचा 315 बोर एवँ कारतूस , 01 तमंचा 12 बोर मय कारतूस के साथ तथा चोरी किये गये जेबरात व अन्य वस्तु व आला नकब के साथ मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपियों को न्यायालय भेजा गया है। पूँछतांछ करने पर पकड़े गए आरोपी कल्लू उर्फ धर्मवीर , दानवीर और आनंद गौतम तीनों ही सीढी गैंग के सदस्य रह चुके हैं। यह वर्ष 2020 में अपने अन्य साथियों के साथ जेल गए थे। यह लोग करीब 02 माह पहले जमानत पर छूटे हैं । चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं में राजेश उर्फ मंगू सहित अन्य लोग भी अलग – अलग मामलों में जेल में बंद थे। जेल में इनकी दोस्ती होने के बाद जमानत पर छूटने पर इन्होंने पुनः राजेश उर्फ मंगू के नेतृत्व में गैंग बना लिया । इनके गैंग के सदस्य एक – दो दिन पूर्व रैकी करके ऐसे घरों को चिन्हित करते हैं। जो कुछ एकान्त में हो तथा बंद हो और रोड से 5 सौ से06 सौ मीटर की दूरी पर होने के साथ बाहर से देखने में अच्छी अवस्था में हो। निश्चित होने के बाद रात को इकट्ठा होकर घटना को अंजाम देते थे । इनके द्वारा घरों में सीढी लगाकर घुसा जाता था इसके बाद ये लोग सामान लेकर आसपास की किसी सुनसान स्थान पर दिन निकलने तक बैठ रहते है तथा उसके बाद वहां से निकल जाते हैं । गैंग घटना करने में सीढी का प्रयोग करता है इसलिए इसका नाम सीढी गैंग है ।

# थाना जैतीपुर पुलिस ने 02 करोड रूपये की अफीम सहित 02 मादक पदार्थ तस्करों को किया गिरफ्तार

उमाकान्त श्रीवास्तव , ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के निर्देशानुसार जनपद मे मादक पदार्थों की रोकथाम व मादक पदार्थ तस्करों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के चलते क्षेत्राधिकारी तिलहर अमित चौरसिया के निर्देशन मे थाना जैतीपुर पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई । शुक्रवार एवँ शनिवार की रात थाना प्रभारी जैतीपुर राजेश बाबू मिश्रा के नेतृत्व मे थाना पुलिस टीम में शामिल उप निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य , संजीव कुमार , चन्द्र शेखर , ललित कुमार एवँ आरक्षी विशाल अष्टवाल , ओमप्रकाश , सचिन रावल , अंकित नेहरा , प्रवीण शर्मा एवँ दीपक कुमार ने संदिग्ध व्यक्ति , वस्तु , वाहन चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पडैनिया पुलिया से ग्राम पडैनिया की तरफ करीब ग्यारह बजे जनपद के थाना मिर्जापुर के गाँव सिंगापुर निवासी मुनीश को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार मुनीश के कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम अफीम बरामद होने के बाद बनखण्डी पुलिया चौराहे से फरीदपुर की तरफ रोड पर आधी रात को जनपद बदायूँ के थाना उसावां के गाँव गौतरा निवासी निजाकत अली को भी गिरफ्तार कर लिया । जिसके कब्जे से 900 ग्राम अच्छी क्वालिटी की अफीम बरामद हुई । दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना पर एन डी पी एस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज करके न्यायालय भेजा गया है। पूँछ तांछ करने पर मुनीश ने बताया कि झारखण्ड से ट्रेन के माध्यम से सस्ते दामों मेंअफीम लाता हूँ और मैं स्टेशन पर पहुंचकर रोड के माध्यम से




अपने घर पर आ जाता हूँ । तथा जनपद बदांयू , बरेली , शाहजहाँपुर के आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो मे घूम फिर कर अच्छे दामो में लोगों को बेंच देता हूँ। तथा आज भी मैं अफीम की बिक्री करने जनपद बदायूँ खैरपुर चौराहे को जाने वाले मार्ग पर पडैनिया पुलिया पटरी से चोरी छिपे जनपद बदायूँ क्षेत्र से आ रहा था । काफी रात्रि मे चोरी छिपे कोई ग्राहक न मिलने पर वापस अपने अपने घर ग्राम सींगापुर जा रहा था परन्तु पडैनिया पुलिया से ग्राम पडैनिया कि तरफ जाते हुए आपने मुझे पकड लिया है । मै अफीम को सस्ते दामों में ग्रामीण क्षेत्रो मे बिक्री करके अपना जीवन यापन करता हूँ । इससे पहले मै कभी पकडा नही गया हूँ ।

# रिजवी लर्नर्स एकेडमी में संस्थापक दिवस समारोह का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रिजवी लर्नर्स एकेडमी में संस्थापक दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसका दीप प्रज्ज्वलन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व आकांक्षा समिति की अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सीबीएसई के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया व जनपद की इंटर की टॉपर (गणित वर्ग) सिद्धि साहू को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भी दिया। इसी क्रम में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं रिद्धिमा एवं रिमझिम प्रकाश को भी जिलाधिकारी के द्वारा सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभी शुरुआत है आप सभी अपना एक लक्ष्य बनाएं और उसी के प्रति मेहनत करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कम नंबर पाने वाले बच्चों से कहा कि निराश होने की आवश्यकता नहीं है, पुनः मेहनत करें और जीवन में आगे बढ़ने के बहुत मौके है। इस अवसर पर स्वागत भाषण व धन्यवाद प्रधानाचार्य डॉ0 रुचि शर्मा द्वारा किया गया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।